# पेट्रिओटिक कॉयर प्रेजेंटेशन में बच्चों ने सुनाए सॉन्ग्स

## प्रोग्राम में सुनने को मिले पुराने फिल्मी गीत भी

समारोह में पारंपरिक परिधानों में देशभक्ति गीत की प्रस्तुति देते बच्चे।

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल के म्यूजिक डिपार्टमेंट की ओर से पेट्रिऑटिक सॉन्ग कॉयर प्रेजेंटेशन का आयोजन हुआ। 6वीं, 7वीं और 8वीं क्लास के स्टूडेंट्स ने कॉयर प्रेजेंटेशन में पेट्रिऑटिक गीतों को इतनी खूबसूरती के साथ पेश किया ऑडियंस ने भी इसे खासा एंजॉय किया और साथ में गुनगुनाया।

सालभर बच्चों द्वारा सीखे गए संगीत की फाइनल प्रस्तुति के तौर पर यह आयोजन किया गया था। प्रेजेंटेशन की शुरुआत 6वीं क्लास के कॉयर प्रेजेंटेशन से हुई। इसके बाद 7वीं और 8वीं क्लास के बच्चों ने भी परफॉर्मेंस दी। इन बच्चों ने देशभक्ति गीत 'लहरा रहा गगन में, ये देश हमारा है...,' और 'सदा सुहानी धरा हमारी...,' जैसे मधुर गीतों को पेश किया। वहीं, सोलो सॉन्ग प्रेजेंटेशन में ओली मुखर्जी ने 'लग जा गले कि फिर ये हंसी रात...,' गीत, राहिल ने 'ऐसे ना मुझे तुम देखो...,' और अशिता भीमते ने 'ओ मेरे शोना रे शोना रे...,' गीत गाया। आखिरी प्रस्तुति रिद्म जैम की रही। इसमें ड्रम और परकशन का फ्यूजन स्टूडेंट्स ने पेश किया। इस फ्यूजन में तबला, जैज ड्रम, कॉन्गो, बॉन्गो, टम्ब्रिन और तुम्बा के साथ इंडो-वेस्टर्न स्टाइल में इंस्ट्रूमेंटल प्रेजेंटेशन हुआ। प्रस्तुति का संचालन स्टूडेंट्स अनुनिता बिंदल और सात्विक प्रधान ने किया।